केएन बक्शी कॉलेज में सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कार्यशाला



भास्कर न्यूज|बेंगाबाद

केएन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार हॉल में सोमवार को एक सप्ताह तक चलने वाली कार्यशाला जो सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास विषय पर प्रारंभ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य शिक्षक व छात्रों ने स्वर्गीय केएन बक्शी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्राचार्य ने कहा कि सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास शिक्षण के कला को विकसित करता है और एक कुशल शिक्षक बनने के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यशाला में आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर विनोद कुमार सुमन ने कहा कि सूक्ष्म शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जो एक अच्छी पहल है। इसके माध्यम से प्रशिक्षु छात्र अपने शिक्षण कौशल को विकसित कर पाएंगे। डीएलएड विभागाध्यक्ष शंकर सिंह ने कहा सूक्ष्म शिक्षण के माध्यम से छात्र अच्छे शिक्षक बनेंगे। उद्घाटन सत्र की समाप्ति के बाद प्रस्तावना कौशल पर डॉ. सुरेश यादव ने छात्रों का मार्गदर्शन किया व पाठ योजना बनाने की विभिन्न विधियां व प्रविधियां से अवगत कराया। कार्यशाला में मनोज कुमार पांडेय, ममता कुमारी, ममता प्रियदर्शी, सहजानंद वर्मा, दीपा, नुसरत, पिंकी, किरण आदि छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।